नवभारत
www.navbharatlive.com

# बीओआई का वित्तीय समावेशन व री-केवाईसी शिविर

## ग्राहकों का मिला भारी प्रतिसाद



■ कारंजा-घा.(त.सं.). सार्वजनिक क्षेत्र की अग्रणी बैंक और वर्धा जिले की लीड बैंक, बैंक ऑफ इंडिया द्वारा कारंजा घाडगे में ग्राम पंचायत स्तर पर वित्तीय समावेशन अभियान के अंतर्गत जन धन खाता, जन सुरक्षा योजना, अटल पेंशन योजना, डिजिटल धोखाधड़ी से बचाव तथा री-केवाईसी शिविर का आयोजन किया गया. इस शिविर को ग्रामीण जनता की ओर से भरपूर प्रतिसाद प्राप्त हुआ. बैंक ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित इस शिविर का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में वित्तीय योजनाओं की जानकारी और लाभ पहुंचाना, साथ ही समय पर री-केवाईसी प्रक्रिया को पूर्ण करवाना था. इस कार्यक्रम में बैंक ऑफ इंडिया के कार्यकारी निदेशक राजीव मिश्रा, भारतीय रिजर्व बैंक नागपुर के क्षेत्रीय निदेशक सचिन शेंडे, उपमहाप्रबंधक अंजना श्यामनाथ, बैंक ऑफ इंडिया विदर्भ अंचल के आंचलिक प्रबंधक कुश गणहोत्रा, उप-आंचलिक प्रबंधक जितेंद्र कुमार मस्तमौला व राहुल अवसरे, भारतीय रिजर्व बैंक नागपुर के उपमहाप्रबंधक विनोद कुमार, नाबार्ड के जिला विकास अधिकारी सुशांत पाटिल, वर्धा के अग्रणी जिला प्रबंधक चेतन एस. शिरभाते तथा स्थानीय प्रशासन से उपविभागीय अधिकारी विश्वास शिरसाठ और तहसीलदार हंसा मोहने समेत कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे. कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों के पारंपरिक स्वागत से हुई.

**शिविर में 1000 से अधिक ग्राहकों ले लिया भाग :** शिविर में 1000 से अधिक ग्रामीणों ने भाग लिया. इसमें कुल 232 री-केवाईसी, 283 प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, 450 प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, 326 अटल पेंशन योजना और 14 जन धन खातों के आवेदन प्राप्त हुए. इस दौरान पीएमजेजेबीवाई के तहत 4 लाभार्थियों और पीएमएसबीवाई के तहत 3 लाभार्थियों को सीधे लाभ प्रदान किया गया. इसके अतिरिक्त, 5 महिला स्वयं सहायता समूहों को कुल ₹50 लाख का ऋण स्वीकृति पत्र वितरित किया गया तथा फसल ऋण की नियमित अदायगी करने वाले 5 किसानों का सम्मान किया गया. कार्यक्रम के दौरान साइबर सुरक्षा और वित्तीय जागरूकता के लिए एक प्रभावशाली पथनाट्य का भी आयोजन किया गया. कार्यक्रम का समापन उप-अंचलिक प्रबंधक जितेंद्र कुमार मस्तमौला के आभार प्रदर्शन के साथ हुआ, जिसमें सभी अतिथियों, प्रतिभागियों व आयोजन में सहयोग देने वालों का विशेष आभार व्यक्त किया गया.

Wardha Plus Edition
Aug 17, 2025 Page No. 4
navbharatlive.com